>

Title : Need to provide a manned level crossing between chain nos. 1306 and 1307 on Mahoba – Khajuraho railway line in North Central Railway Zone.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत महोबा खजुराहो लाइन के चैन नं0 1306-1307 के बीच रेलवे क्रासिंग में फाटक नहीं है। इस चैन नं0 पर एक ओर पंचायत मुख्यालय ग्राम अतरी, पथरया, डहरी, मनिया है, दूसरी ओर गोमाखुर्द, आनंदपुरा, कुदरापुरवा वम्होरी है। इन ग्रामों का पंचायत मुख्यालय रेलवे लाइन के उस तरफ होने के साथ-साथ खेती की भूमि रेलवे लाइन के दूसरी तरफ है, जिससे इन सभी ग्रामों के लोगों का निरंतर आना जाना लगा रहता है, जिस कारण अभी तक कई दुर्घटनायें हुई हैं। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार महाप्रबंधक जोन इलाहाबाद एवं मंडल प्रबंधक झांसी को अवगत कराया है, लेकिन कार्यवाही न होने से असंतोष है।

कृपया सदन के माध्यम से अनुरोध है कि महोबा-खजुराहो लाइन के चैन नं0 1306-1307 के बीच शीघ्र रेलवे फाटक लगाया जाये जिससे हो रही दुर्घटनाओं से भविष्य में ग्रामीणों को बचाया जा सके।